| If a departmental promotional committee exists what it its composition. | Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment. |
|---|---|
| (12) | (13) |
| **Departmental Promotion Committee (for considering promotion)**<br>1. Inspector General, Sashastra Seema Bal : Chairman<br>2. Deputy Inspector General, Sashastra Seema Bal : Member<br>3. Commandant, Sashastra Seema Bal : Member | Exempted from the purview of Union Public Service Commission. |

[F. No. 4/3/SSB/CSC/2016/SFS]

R. B. S. NEGI, Dy. Secy.

**Note :** The principal rules were published in the Gazette of India, vide notification number G.S.R. 935 (E), dated the 31st December, 2009.

---

**कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय**

**(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)**

नई दिल्ली, 16 मार्च, 2018

**सा.का.नि. 117. —** राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में स्टाफ कार ड्राईवर (विशेष श्रेणी) के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

**1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :**

**(1)** इन नियमों का नाम संघ लोक सेवा आयोग, स्टाफ कार ड्राईवर (विशेष श्रेणी) समूह 'ख' पद भर्ती नियम, 2018 है।

**(2)** ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

**2. पदों की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर -** पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में उनका स्तर वे होंगे जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं ।

**3. भर्ती की पद्धति, आयु–सीमा, अर्हताएं आदि –** उक्त भर्ती की पद्धति, आयु–सीमा, अर्हताएं उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

**4. निरर्हता-** वह व्यक्ति-

**(क)** जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है ; या

**(ख)** जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परंतु यदि केंद्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

**5. शिथिल करने की शक्ति:** जहां केंद्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

**6. व्यावृत्ति :** इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केंद्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पद संख्या | वर्गीकरण | वेतन मैट्रिक्स में स्तर | चयन अथवा अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| स्टाफ कार ड्राईवर (विशेष श्रेणी) | 01* (2018)<br><br>* कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख', अराजपत्रित, अननुसचिवीय | वेतन मैट्रिक्स में स्तर 6 | अचयन | लागू नहीं होता |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं। | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | भर्ती की पद्धति: भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/ आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता | प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति/ आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति/ आमेलन किया जाएगा |
|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | दो वर्ष | प्रोन्नति द्वारा | प्रोन्नति:- ऐसे स्टाफ कार ड्राईवर (श्रेणी-1) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर 5 में उस श्रेणी में तीन वर्ष नियमित सेवा की है।<br><br>**टिप्पणी 1:** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के सम्बंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो, वहाँ उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के सम्बंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जबकि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। |

| यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|
| 12 | 13 |
| **समूह "ख" विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के सम्बंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :-**<br>1. अपर सचिव (प्रभारी प्रशासन), संघ लोक सेवा आयोग – अध्यक्ष<br>2. संयुक्त सचिव (प्रभारी प्रशासन), संघ लोक सेवा आयोग – सदस्य<br>3. संयुक्त सचिव (प्रभारी समान्य शाखा), संघ लोक सेवा आयोग – सदस्य<br>**समूह "ख" विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि के सम्बंध में विचार करने के लिए) : जिसमें निम्नलिखित होंगे :-**<br>1. अपर सचिव (प्रभारी प्रशासन), संघ लोक सेवा आयोग – अध्यक्ष<br>2. संयुक्त सचिव (प्रभारी प्रशासन), संघ लोक सेवा आयोग – सदस्य<br>3. संयुक्त सचिव (प्रभारी समान्य शाखा), संघ लोक सेवा आयोग – सदस्य | संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है। |

[फा . सं. 39021/11/2012/स्था. (ख)]

प्रमोद कुमार जायसवाल, अवर सचिव

## MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS

### (Department of Personnel and Training)

New Delhi, the 16th March, 2018

**G.S.R. 117.—** In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Staff Car Driver (Special Grade) in the Office of the Union Public Service Commission, namely:-

1. **Short title and commencement.-** (1) These rules may be called the Union Public Service Commission, Staff Car Driver (Special Grade), Group 'B' post, Recruitment Rules, 2018.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post(s), classification and Level in Pay Matrix**.- The number of posts, their classification and the Levels in Pay Matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit and qualifications, etc.-** The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in Columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. **Disqualification.-** No person, -

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.-** Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order for reasons to be recorded in writing and in consultation with Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect of any class or category of persons.

6. **Saving.-** Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Ex-Serviceman and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of post | Number of post | Classification | Level in Pay Matrix | Whether selection or non-selection post | Age-limit for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| Staff Car Driver (Special Grade). | 1* (2018).<br><br>*Subject to variation dependent on work load. | General Central Service, Group 'B', Non-Gazetted, Non-Ministerial. | Level 6 in Pay Matrix. | Non-selection. | Not applicable |

| Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any |
|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) |
| Not applicable | Not applicable | Two Years |

| Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods. | In case of recruitment by promotion or deputation/absorption grades from which promotion or deputation/absorption to be made. |
|---|---|
| (10) | (11) |
| By Promotion | **Promotion:**<br><br>Staff Car Driver (Grade-I) in the Level 5 of Pay Matrix with three years' regular service in the grade.<br><br>**Note :** Where juniors who have completed their qualifying or eligibility service are being considered for promotion, their seniors would also be considered, provided they are not short of the requisite qualifying or eligibility service by more than half of such qualifying or eligibility service or two years, whichever is less, and have successfully completed their probation period for promotion to the next higher grade along with their juniors who have already completed such qualifying or eligibility service. |

| If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition | Circumstances in which Union Public Service Commission to be consulted in making recruitment |
|---|---|
| (12) | (13) |
| **Group 'B' Departmental Promotion Committee (for considering Promotion) consisting of:-**<br>1. Additional Secretary (In-charge of Admn.), Union Public Service Commission --Chairman<br>2. Joint Secretary (In-charge of Administration), Union Public Service Commission - Member<br>3. Joint Secretary (In-charge of General Branch), Union Public Service Commission - Member<br>**Group 'B' Departmental Confirmation Committee (for considering Confirmation) consisting of:-**<br>1. Additional Secretary (In-charge of Admn.), Union Public Service Commission --Chairman<br>2. Joint Secretary (In-charge of Administration), Union Public Service Commission - Member<br>3. Joint Secretary (In-charge of General Branch), Union Public Service Commission - Member | Consultation with Union Public Service Commission is not necessary. |

[F. No. 39021/11/2012-Estt.(B)]

PRAMOD KUMAR JAISWAL, Under Secy.

नई दिल्ली, 18 अप्रैल, 2018

**सा.का.नि. 118.—**राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में पुस्तकालय और सूचना अधिकारी के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:–

**1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ** : (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी, पुस्तकालय और सूचना अधिकारी, समूह 'क' पद, भर्ती नियम 2018 है।

(2) यह राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

**2. पद–संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर** : उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विर्निदिष्ट हैं ।

**3. भर्ती की पद्धति, आयु–सीमा, अर्हताएं आदि** – उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु–सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट हैं ।

**4. निरर्हता** – वह व्यक्ति –

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित हैं, विवाह किया है, विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

**5. शिथिल करने की शक्ति** – जहां केंन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।